>

Title: Need to re-open Sugar Mill at Hathua, district Gopalganj, Bihar.

श्री पूर्णमासी राम (गोपालगंज): हमारा संसदीय क्षेतृ गोपालगंज गनना उत्पादन के क्षे9 में अगृणी स्थान रखता है। यहां गनना आधारित उद्योग के विकास की काफी संभावनाएं हैं। ऐसी स्थिति में गोपालगंज के हथुआ पृखण्ड अंतर्गत पूर्व से स्थापित हथुआ चीनी मिल पिछले 15-20 वर्षों से बंद पड़ी है। इससे गन्ना उत्पादक किसानों को बड़े पैमाने पर आर्थिक क्षति हुई है। साथ ही मिल के हजारों कर्मचारी एवं मजदूर बेरोजगार हो गये हैं, जिससे उनके सामने जीवनयापन की समस्या खड़ी हो गई और आज वे दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं।

मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से मांग करना चाहूंगा कि इलाके के किसानों एवं मिल के बेरोजगार हुए कर्मचारियों एवं मजदूरों के हित में हथुआ चीनी मिल को केन्द्रीय हस्तक्षेप से खुलवाने का कष्ट करें।